# LAW (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2019

विधि (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

**Time allowed: Three hours** **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/law/paper-2/2019.

## 10-MARK QUESTIONS

10 questions

**1.** Even without mens rea there are certain acts, which are offences under the Indian Penal Code, 1860. Enumerate such offences **10**

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत आपराधिक मनःस्थिति के बिना भी कतिपय कृत्य अपराध हैं। ऐसे अपराधों को गिनाइए।

**2.** Right to private defence under the Indian Penal Code, 1860 is available only to an innocent person. It is not a right to retribution. Analyze **10**

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार केवल निर्दोष व्यक्ति को ही प्राप्त है। यह प्रतिकार का अधिकार नहीं है। विश्लेषण कीजिए।

**3.** "Act done by me against my will, is not my act." Examine in the light of legal provisions of the Indian Penal Code, 1860 **10**

"मेरे द्वारा मेरी इच्छा के विरुद्ध किया गया कार्य, मेरा कार्य नहीं है।" भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के विधिक उपबन्धों के प्रकाश में परीक्षण कीजिए।

**4.** "'Pigeonhole theory' in the law of tort holds no justification now." Critically examine **10**

"अपकृत्य की विधि में 'कबूतरखाने के सिद्धान्त' की अब कोई न्यायोचितता नहीं है।" समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**5.** "E-commerce has adversely affected the consumer protection in India." Elucidate the statement **10**

"ई-वाणिज्य ने भारत में उपभोक्ता संरक्षण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**6.** "The law of contracts is not the whole law of agreements, nor it is the whole law of obligations, but it also deals with the rights and obligations of both." Elucidate **10**

"संविदाओं की विधि करारों की सम्पूर्ण विधि नहीं है, और न ही यह दायित्वों की सम्पूर्ण विधि है, परन्तु यह दोनों के अधिकारों व दायित्वों से भी सम्बन्धित है।" विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

**7.** "The dissolution of partnership is the dissolution of a partnership firm, but the dissolution of a partnership firm is not the dissolution of partnership." Elucidate with the help of legal provisions and cases **10**

"भागीदारी का विघटन, भागीदारी फर्म का विघटन होता है, परन्तु भागीदारी फर्म का विघटन, भागीदारी का विघटन नहीं होता है।" विधिक प्रावधानों और वादों की सहायता से विशदीकरण कीजिए।

**8.** "Public interest litigation is not the pill of all ills, it is the boon of the courts. However it is also the duty of the court to prevent its misuse." Elucidate **10**

"लोकहित मुकदमेबाजी सभी बुराइयों की दवा नहीं है, यह न्यायालयों का वरदान है। फिर भी इसके दुरुपयोग को रोकना भी न्यायालय का कर्तव्य है।" विशदीकरण कीजिए।

**9.** "Contract of agency is revocable like an ordinary contract, but sometimes it is impossible to repudiate it." Analyze with the help of decided cases and relevant provisions **10**

"अभिकरण (एजेंसी) की संविदा, सामान्य संविदा की भाँति प्रतिसंहरणीय है, परन्तु कभी-कभी इसका निराकरण करना असंभव होता है।" निर्णीत वादों व सुसंगत प्रावधानों की सहायता से विश्लेषण कीजिए।

**10.** "Pragmatic regime of right to information for citizens is the key to good governance in India, but it is not being implemented in its original spirit." Examine it in the light of decision of the Supreme Court of India in Anjali Bhardwaj vs. Union of India, February 2019 **10**

"नागरिकों के लिए सूचना के अधिकार की व्यावहारिक व्यवस्था भारत में सुशासन की कुंजी है, परन्तु इसकी मूल भावना के अनुरूप इसे लागू नहीं किया जा रहा है।" अंजली भारद्वाज बनाम भारत संघ, फरवरी 2019 में भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के प्रकाश में इसका परीक्षण कीजिए।

## 15-MARK QUESTIONS

11 questions

**11.** "Recent judicial decisions of the courts have changed the spirit of Section 498 A of the Indian Penal Code, 1860." Explain the statement with the help of judicial pronouncements **15**

"भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498 A की आत्मा को हाल ही के न्यायालयों के न्यायिक निर्णयों ने परिवर्तित कर दिया है।" न्यायिक निर्णयों की सहायता से इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**12.** The basic spirit of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, which was diluted by the judiciary in Kashinath Mahajan's case, has been restored by the legislature recently. Examine critically **15**

अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियाँ (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की मूल आत्मा को, जिसे न्यायपालिका ने काशीनाथ महाजन के वाद में तनुकरण कर दिया था, हाल ही में विधायिका ने पुनर्स्थापित कर दिया है। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**13.** "Ascertainment of causation is a problem, when the events causing damage to plaintiff are not simultaneous but successive." Elaborate it with the help of decided cases under the law of tort **15**

"जब वादी को नुकसान पहुँचाने वाली घटनाएँ एक ही समय की न होकर एक के बाद एक हों, तब कारणता का अभिनिश्चय एक समस्या होती है।" अपकृत्य की विधि के अन्तर्गत निर्णीत वादों की सहायता से व्याख्या कीजिए।

**14.** Mere physical boundaries are not the essential requirement to constitute the tort of 'false imprisonment', but psychological boundaries too are enough in this regard. Critically examine **15**

'मिथ्या कारावास' के अपकृत्य घटित होने में केवल भौतिक सीमाएँ ही अत्यावश्यक नहीं हैं, अपितु इस सन्दर्भ में मनोवैज्ञानिक सीमाएँ भी काफी होती हैं। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**15.** "Imputation of unchastity against a woman by spoken words is a wrong actionable without proof of special damage." Examine under the law of tort **15**

"किसी महिला के विरुद्ध बोले गए शब्दों के द्वारा निर्लज्जता का लांचन लगाना विशेष नुकसानी के प्रमाण के बिना एक अनुयोज्य दोष है।" अपकृत्य की विधि के अन्तर्गत परीक्षण कीजिए।

**16.** "The National Green Tribunal, which was established for effective and expeditious disposal of cases relating to environmental protection and conservation of forests and other natural resources, has played a pivotal role in the recent past in this regard." Examine the statement with reference to pronouncements given by the National Green Tribunal **15**

"राष्ट्रीय हरित अधिकरण, जिसकी स्थापना पर्यावरण की सुरक्षा और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सम्बन्धित मामलों को त्वरित व प्रभावशाली ढंग से निस्तारण करने के लिए की गई थी, ने इस बारे में एक अहम भूमिका हाल ही में अदा की है।" इस कथन का राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा सुनाए गए निर्णयों के सन्दर्भ में परीक्षण कीजिए।

**17.** Ascertainment of jurisdiction is a big challenge under the cyber law. Elaborate the relevant legal provisions of the Information Technology Act along with various tests applied by the Indian courts **15**

साइबर विधि के अन्तर्गत अधिकारिता को अभिनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के सुसंगत विधिक उपबन्धों की, भारतीय न्यायालयों द्वारा अनुप्रयुक्त विभिन्न परीक्षणों के साथ, व्याख्या कीजिए।

**18.** "Alternative dispute resolution mechanism as provided under the Legal Services Authorities Act, 1987 has played a pivotal role in dispensation of justice to the needy persons." Explain with the help of legal provisions and case law **15**

"जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय प्रदान करने में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 में उपबन्धित वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र ने एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।" विधिक प्रावधानों व वाद विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।

**19.** "Parties to the contract of sale may reduce or enhance the risk relating to passing of property." Elucidate its various dimensions under the law of sale of goods **15**

"विक्रय की संविदा के पक्षकार सम्पत्ति के हस्तांतरण से सम्बन्धित जोखिम को घटा या बढ़ा सकते हैं।" माल विक्रय की विधि के अन्तर्गत इसके विभिन्न आयामों को विस्तारपूर्वक समझाइए।

**20.** "Approximate justice with finality by the way of arbitration is against the basic principle of administration of justice in the courts." Examine the statement in the light of latest developments of alternative dispute resolution system in India **15**

"माध्यस्थम् के रूप में अन्तिमता के साथ सन्निकट न्याय, न्यायालयों में न्याय प्रशासन के बुनियादी सिद्धान्त के विरुद्ध है।" भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अद्यतन विकासों के प्रकाश में इस कथन का परीक्षण कीजिए।

**21.** "The basic purpose of competition policy and the law is to preserve and promote competition as a means of ensuring efficient allocation of resources in an economy." Elucidate the statement in the light of new economic scenario in India. 20 SDF-B-LAW/8 6 20SB—480 **15**

"प्रतिस्पर्धा नीति और विधि का बुनियादी प्रयोजन किसी अर्थव्यवस्था में संसाधनों के दक्ष नियतन को सुनिश्चित करने के एक साधन के रूप में, प्रतिस्पर्धा को बनाए रखना और उसकी प्रोत्साहित करना है।" भारत में नव आर्थिक परिदृश्य के प्रकाश में इस कथन को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

## 20-MARK QUESTIONS

7 questions

**22.** "Any interference with a plaintiff's property may cause personal discomfort to the plaintiff in enjoyment of the property." Critically examine the statement with the help of decided cases **20**

"वादी की सम्पत्ति में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप, वादी के द्वारा उस सम्पत्ति का आनंद उठाने में व्यक्तिगत बेआरामी उत्पन्न कर सकता है।" विनिश्चित मामलों की सहायता से इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**23.** "Every culpable homicide and murder is necessarily a hurt, but every hurt is not necessarily a culpable homicide and murder." Elucidate **20**

"प्रत्येक आपराधिक मानव-वध और हत्या आवश्यक रूप से उपहति है, लेकिन प्रत्येक उपहति आवश्यक रूप से आपराधिक मानव-वध और हत्या नहीं है।" समझाइए।

**24.** A attempts to steal some jewels by breaking open a box belonging to B and finds, thereafter so opening the box, that there is no jewel in it, but A simultaneously puts ₹ 100 currency note in the box, which was already stolen by A from C. Decide as to what offence(s) is/are committed by A **20**

A के द्वारा B के बॉक्स को तोड़कर कुछ जवाहरात की चोरी करने का प्रयत्न किया जाता है, किन्तु बॉक्स को खोलकर वह पाता है कि उसमें जवाहरात नहीं है, लेकिन A उसी समय ₹ 100 का नोट बॉक्स में रख देता है, जिसको A ने C से चुराया था। निर्णय कीजिए कि A ने कौन-सा/से अपराध किया है/किए हैं।

**25.** "A goldsmith putting earring to woman's ear does not require as much care as a surgeon performing surgery on the ear of woman." Elaborate the law relating to degree of care required under the law of tort **20**

"एक स्वर्णकार द्वारा महिला के कान में बाली पहनाने में इतनी सावधानी की आवश्यकता नहीं है, जितनी कि चिकित्सक द्वारा महिला के कान की शल्यचिकित्सा में आवश्यक है।" अपकृत्य की विधि के अन्तर्गत सावधानी की कोटि सम्बन्धी विधि की व्याख्या कीजिए।

**26.** "Discharge of a contract includes breach of contract, but breach of a contract does not necessarily include discharge of contract." Examine the statement with suitable illustrations **20**

"संविदा के उन्मोचन में संविदा का भंग शामिल होता है, किन्तु संविदा के भंग में आवश्यक रूप से संविदा का उन्मोचन शामिल नहीं होता।" उपयुक्त दृष्टांतों के साथ इस कथन का परीक्षण कीजिए।

**27.** "The principle of unjust enrichment finds place indirectly under the law of contract." Explain its various dimensions **20**

"अनुचित संपन्नता वृद्धि का सिद्धान्त अप्रत्यक्षतः संविदा विधि में भी विद्यमान है।" इसके विभिन्न आयामों की व्याख्या कीजिए।

**28.** "In the present time, there is a conflict between the right to access to knowledge and the copyright law." Explain the statement in the light of doctrine of fair dealing under the copyright law **20**

"वर्तमान समय में ज्ञान की पहुँच के अधिकार तथा कॉपीराइट विधि के बीच एक टकराव विद्यमान है।" कॉपीराइट विधि के अन्तर्गत, उचित व्यवहार के सिद्धान्त के प्रकाश में, इस कथन को स्पष्ट कीजिए।